कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी

क्रमांक /3136/ न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2024 रायपुर, दिनांक 23/02/2024

" प्रतिक्षासूची के चयन हेतु नामजद लॉटरी "

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक ए.एच.पी. अंतर्गत स्वीकृत परियोजना 280 कोटा (चिरहूलडीह) में निर्मित/निर्माणाधीन फ्लैटों में से "मोर मकान–मोर आस" योजना के अतंर्गत् 194 नग फ्लैट आबंटन हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन क्र. 06/2023, दिनांक 15/09/2023 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें कुल 440 आवेदन प्राप्त हुए। पात्र/अपात्र आवेदनों की प्राथमिक सूची, दिनांक 04/01/2024 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट में ऑनलाईन जारी कर आवेदनों पर दिनांक 19/01/2024 तक दावा आपत्ति (ऑनलाईन/ऑफलाईन) आमंत्रित की गयी थी। दावा आपत्ति पश्चात कुल 440 आवेदकों में से 186 आवेदकों प्रथम श्रेणी के पात्र, 211 आवेदको को द्वितीय श्रेणी के पात्र एवं 43 आवेदकों को अपात्र पाये गये। विज्ञापित 194 नग आवास हेतु 186 आवेदक पात्र हुए , शेष 8 आवास हेतु द्वितीय श्रेणी के पात्र आवेदको की नामजद लॉटरी किया जाना है।

अतः मूल निवासी से छूट उपरांत द्वितीय श्रेणी के पात्र 211 हितग्राहियों को सूचित किया जाता है, कि प्रथम 08 आवेदकों के चयन एवं शेष 203 आवेदकों की प्रतिक्षा सूची के नामजद चयन हेतु **दिनांक 23/02/2024 को निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल स्थित सामान्य सभा हॉल में प्रातः 11:30 बजे लॉटरी की जावेगी**। कृपया सभी पात्र आवेदक निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त लॉटरी में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर